# उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग

निकट महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानो रोड़ रायपुर, देहरादून।

वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com


संख्याः 306 /विज्ञ0/2021–22 दिनांक : 21 मई, 2022

## ।। अधिसूचना / विज्ञप्ति।।

विषयः– वाहन चालक, कर्मशाला अनुदेशक एव मत्स्य निरीक्षक के पदो हेतु पूर्व में जारी विज्ञप्ति के सापेक्ष भरे गयें ऑनलाईन आवेदन पत्रों में संशोधन का अवसर दिये जाने के संबंध में।

उक्त पदों की लिखित परीक्षा दि0 12 जून,2022 को प्रस्तावित है। अभ्यर्थियों को इस परीक्षा से सबंधित आवेदन पत्र में संशोधन/सुधार का अवसर दिया जा रहा है, अभ्यर्थी आज दि0 21 मई 2022 से दि0 26 मई 2022 के मध्य आवेदन पत्र के महत्वपूर्ण प्रविष्टियां **(Fields )** में संशोधन कर सकते है।

अभ्यथी अन्य प्रविष्टियों के साथ अपना नाम ,पिता का नाम,जन्म तिथि ,आरक्षण श्रेणी/ उपश्रेणी तथा लिंग में भी संशोधन कर सकते है, क्यौंकि इन्ही प्रविष्टियों का प्रभाव परिणाम पर पड़ता है । उपरोक्त प्रविष्टियों मे संशोधन के लिए निर्धारित ऑनलाइन प्रारूप में ही संशोधन किया जायेगा। परीक्षा केन्द्र के विकल्प पर संशोधन अनुमन्य नही होगा, अतः संशोधन के लिए आनलाइन लिंक में दिये गये प्रारूप को देखकर उसका उपयोग करें ।अन्य प्रविष्टियों आवेदन पत्र मे साधे संशोधन की जा सकती है।

अभ्यथी आयोग की वेबसाइट **www.sssc.uk.gov.in** मे **OTR Login** कर संबंधित आवेदन पत्र देख सकते है, उसके बाद आवेदन पत्र में दायी ओर **Edit** बटन दिया गया है ,इस बटन को क्लिक कर प्राप्त **OTP** भर कर तथा निर्धारित शुल्क रू0 30/देकर अभ्यर्थी उपरोक्त प्रविष्टियों में संशोधन कर सकते हैं।

जो अभ्यर्थी आरक्षण श्रेणी बदलना चाहते है, उन्हे सामान्य श्रेणी परिवर्तन पर सामान्य श्रेणी का शुल्क भी अदा करना होगा, इसकी सुविधा भी इसी लिंक में दी गयी है।

कृपया समयान्तर्गत अपने आवेदन पत्र में आवश्यक संशोधन कर लें। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पत्र संशोधन का अवसर अभ्यर्थियों को नही होगा त्रुटिपूर्ण आवेदन के लिए उनका अभ्यर्थन निरस्त हो सकता है।

21/5/22

(संतोष बडोनी)

सचिव

Scanned by Scanner Go